राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट भोपाल-राजभाषा अनुभाग
National Institute of Fashion Technology
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
NIFT Bhopal- Official Language Department

13136/निफ्ट भोपाल/प्रशा./हिन्दी समिति/2009/भाग-2 दिनांक:04/12/2023

मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्र संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन रिपोर्ट / Joint Regional Official Language Conference of Central and Western Regions Report

गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 23 नवंबर, 2023 को मुंबई में मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । मुंबई के नाभिकीय उर्जा भवन, अणुशक्ति नगर में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस जी ने की तथा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री भुवन चंद्र पाठक, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की सचिव श्रीमती अंशुली आर्या, संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली सहित केंद्र सरकार और केंद्रीय कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी इस सम्मेलन में उपस्थित रहे।

राजभाषा हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय तथा सरकारी उपक्रमो और बैंकों के सरकारी अधिकारी तथा कर्मचारीओं को सम्माननीय विभूतियों के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस जी ने कहा कि भाषा किसी भी राष्ट्र और समाज की आत्मा होती है जिसमें वह देश संवाद करता है, अपने भावों को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्र की पहचान इस बात से भी होती है कि उसने अपनी भाषाओं को किस सीमा तक मजबूत, व्यापक एवं समृद्ध बनाया है।

इस अवसर पर माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी ने कहा कि राजभाषा विभाग का प्रयास है कि स्वप्रेरणा से लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए इसी क्रम में राजभाषा के कार्यों को बढावा देने के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं। श्री अजय कुमार मिश्रा जी ने कहा कि भाषा के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, हमारी भाषाओं में किसी प्रकार की प्रतिस्पर्धा नहीं है । प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सभी भाषाएँ आगे बढ़ी हैं, सभी का सम्मान बढ़ा है और हीन भावना समाप्त हुई है। महोदय ने कहा कि भाषाई रूप से समृद्ध होने के प्रयासरत राजभाषा विभाग तकनीकी विकास के कार्य कर रहा है जिसमें कंठस्थ, लीला ऐप , ई - महा शब्दकोश तथा हिंदी शब्द सिंधु आदि शामिल हैं।

साथ ही राजभाषा विभाग की सचिव श्रीमती अंशुली आर्या जी और संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली जी ने पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी और सभी को राजभाषा हिन्दी में निरंतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस सम्मेलन में नराकास भोपाल के माध्यम से प्राप्त क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) के पत्र संख्या 12/01/23/क्षे. का. का. भोपाल/3107-3164 के अनुपालन में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट भोपाल द्वारा सम्मेलन में प्रतिभागिता दर्ज की गई।

सम्मेलन की कुछ तस्वीरें:-

राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस जी और माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी

राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए राजभाषा विभाग की सचिव श्रीमती अंशुली आर्या जी और राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली जी

राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए एनपीसीएल के प्रबंध निदेशक श्री भुवन चंद्र पाठक जी

सम्मेलन के दौरान मंचासीन सम्माननीय विभूतियाँ : दाएँ से 1) महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस जी (संबोधित करते हुए) 2) एनपीसीएल के प्रबंध निदेशक श्री भुवन चंद्र पाठक जी 3) राजभाषा विभाग की सचिव श्रीमती अंशुली आर्या जी 4) माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी और 5) राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली जी

राजभाषा सम्मेलन में निफ्ट से प्रतिनिधित्व: कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट भोपाल व कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट मुंबई

<u>प्रतिलिपि प्रेषित</u> : **1) निदेशक, निफ्ट भोपाल : सादर सूचनार्थ।**
2) संयुक्त निदेशक व राजभाषा प्रभारी , निफ्ट भोपाल : सादर सूचनार्थ।
3) सहायक निदेशक(राजभाषा), निफ्ट मुख्यालय, दिल्ली : सादर सूचनार्थ।
4) वैबमास्टर, निफ्ट भोपाल और कंप्यूटर अभियंता, निफ्ट भोपाल : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु कृपया।

****